

सोनिया गांधी ने महिला आरक्षण... 12

# राष्ट्रीय शिखर

खबरों की स्वतंत्रता

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गौतमबुद्धनगर, नई दिल्ली, देहरादून और लखनऊ से एक साथ प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



धुरंधर 2 पर चुप्पी को लेकर... 11

वर्ष - 02, अंक - 10 | गाजियाबाद / मंगलवार 14 अप्रैल 2026 | PRGI No. - UPHIN/25/A0086 | पृष्ठ -12, मूल्य - 04 रूपए


## होर्मुज में अब ईरानी पोर्ट से आने वाले जहाजों को ब्लॉक करेगा अमेरिका

- पाकिस्तान में विफल वार्ता के बाद लिया फैसला




**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका और ईरान के बीच न्यूक्लियर प्रोग्राम समेत अन्य जरूरी मुद्दों पर बात नहीं बनी, जिसकी वजह से तनाव और बढ़ गया है। ऐसे में ईरान पर दबाव बनाने के लिए अमेरिका ने ईरानी पोर्ट्स में आने-जाने वाले जहाजों पर पूरी तरह से समुद्री नाकाबंदी लागू करना शुरू कर दिया। यूएस सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) ने यह कदम राष्ट्रपति के आदेश के बाद उठाया और यह ईरानी पोर्ट्स में आने-जाने वाले सभी समुद्री ट्रैफिक को टारगेट करेगा, जिसमें अरब की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के किनारे के पोर्ट्स भी शामिल हैं।

सीईएनटीसीओएम ने कहा कि यह ब्लॉकेड सभी देशों के जहाजों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के लागू किया जाएगा। अमेरिकी सेना होर्मुज स्ट्रेट से गैर-ईरानी पोर्ट्स से आने-जाने वाले जहाजों को नहीं रोकेगी। सीईएनटीसीओएम की एक रिलीज के मुताबिक, यह ब्लॉकेड सोमवार शाम 7.30 बजे आईएसटी से शुरू हो गया। कमर्शियल नाविकों को सलाह दी गई है कि वे आधिकारिक नेविगेशन चेतावनियों पर नजर रखें और इस इलाके में काम करते समय अमेरिकी नेवी फोर्स के संपर्क में रहें। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दूसरे मोर्चों पर प्रोग्रेस के बावजूद, ईरान के साथ बातचीत उसके न्यूक्लियर लक्ष्यों को लेकर रुक गई है। ट्रंप के इस बयान के कुछ घंटे बाद ही सीईएनटीसीओएम का ये रिलीज सामने आया है।

> "अगर अमेरिकी सरकार अपनी तानाशाही छोड़ दे और ईरानी राष्ट्र के अधिकारों का सम्मान करे, तो समझौते तक पहुंचने के रास्ते जरूर मिल जाएंगे।"
>
> *–मसूद पेजेश्कियान, ईरान के राष्ट्रपति*



ट्रंप ने कहा कि ज्यादातर बातों पर सहमति हो गई थी, लेकिन एकमात्र बात जो सच में मायने रखती थी, वो थी न्यूक्लियर और उस पर कोई सहमति नहीं बनी। यूएस नेवी होर्मुज स्ट्रेट में आने या जाने की कोशिश करने वाले सभी जहाजों को ब्लॉक करने का प्रक्रिया शुरू करेगी। उन्होंने ईरान पर स्ट्रेट में नेवल माइंस की धमकियों का फायदा उठाकर वर्ल्ड एक्सटॉर्शन करने का आरोप लगाया।

### दुश्मन की गलत हरकत के होंगे घातक परिणाम: आईआरजीसी

**तेहरान (एजेंसी)।** अमेरिका और इजराइल के साथ तनाव के बीच ईरान की नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना ने कहा कि होर्मुज में 'दुश्मन' की कोई भी गलत हरकत जानलेवा साबित होगी। नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह चेतावनी जारी की। इसके साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में वास्तविक स्थिति का ड्रोन



निगरानी फुटेज भी शेयर किया गया। आईआरजीसी की नौसेना ने कहा कि होर्मुज में होने वाली सभी हलचलें और ठहराव ईरानी सशस्त्र बलों के पूर्ण नियंत्रण में हैं। उसने यह भी कहा कि कोई भी गलत कदम दुश्मन को होर्मुज स्ट्रेट के जानलेवा भंवरों में फंसा देगा।

## नोएडा में फैक्ट्री कर्मचारियों का हिंसक प्रदर्शन, जलाईं गाड़ियां

- तोड़फोड़ और किया पथराव
- राज्य सरकार ने बनाई उच्च स्तरीय समिति



**नोएडा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के औद्योगिक शहर नोएडा में पिछले कई दिनों से चल रहे फैक्ट्री कर्मचारियों के प्रदर्शन ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया। वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे हजारों प्राइवेट कर्मचारी उग्र हो गए और कई जगहों पर तोड़फोड़, आगजनी और पथराव की घटनाएं सामने आई हैं। प्रदर्शन की शुरूआत गुरुग्राम से हुई थी, जो धीरे-धीरे नोएडा की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों तक फैल गई। आज हालात तब बिगड़ गए जब कुछ प्रदर्शनकारी समूहों ने फैक्ट्रियों के बाहर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। नोएडा सेक्टर 62 स्थित मदरसन ग्रुप की फैक्ट्री के बाहर प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने जमकर हंगामा किया। गाड़ियों के शीशे तोड़े गए, कई वाहनों में आग लगा दी गई और पुलिस पर पथराव भी किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना है कि इस बार उनकी वेतन बढ़ोतरी मात्र ढाई सौ से तीन सौ रुपये किया गया, जो महंगाई के मुकाबले बेहद कम है। मजदूरों का आरोप है कि वर्तमान में नोएडा की फैक्ट्रियों में औसत वेतन 10-15 हजार रुपये के बीच है।

### नोएडा के श्रमिकों के लिए संदेश, 'उचित वेतन मिलेगा: योगी



सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि औद्योगिक अशांति पैदा करने वाले लोगों से सावधान रहें। मैं सभी उद्यमियों से भी अपील करूंगा कि वो श्रमिकों, कार्मिकों के साथ सीधे संवाद स्थापित करें। हमारी सरकार श्रमिकों के साथ है। उद्यमी को सुरक्षा देगी और हर श्रमिक को संरक्षण भी देगी। उनका उचित मानदेय भी देगी, हमने गत वर्ष ही कारपोरेशन गठित कर दिया है। इसके माध्यम से इसी महीने से उसकी सिफारिश लागू होने वाली है। उन्होंने ये बातें नोएडा में हो रहे श्रमिकों के विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर कही।

### भारत में बनेगा तेजस फाइटर जेट इंजन का रिपेयर सेंटर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'मेक इन इंडिया' पहल को मजबूती देते हुए अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने सोमवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के साथ एक नया समझौता किया है। इसके तहत भारत में एफ404-आईएन20 इंजन के लिए रिपेयर और मेंटेनेंस सुविधा (डिपो) स्थापित की जाएगी, जो एचएएल के तेजस फाइटर जेट को शक्ति प्रदान करते हैं। यह नई सुविधा भारत में ही बनाई जाएगी और इसका संचालन भारतीय वायु सेना करेगी, जबकि जीई एयरोस्पेस तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। इस कदम का उद्देश्य भारत की स्वदेशी रक्षा मेंटेनेंस क्षमता को मजबूत करना और दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करना है। जब यह सुविधा चालू हो जाएगी, तो इंजन की मरम्मत और रखरखाव में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा, जिससे तेजस फाइटर जेट की उपलब्धता बेहतर होगी। समझौते के तहत यह डिपो पूरी तरह से भारतीय वायु सेना के स्वामित्व और संचालन में रहेगा।

### होर्मुज की सैन्य नाकेबंदी में शामिल नहीं होंगे: ब्रिटेन

**लंदन/अंकारा (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने सोमवार को स्पष्ट किया कि उनका देश ईरान के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाली किसी भी नौसैनिक नाकेबंदी में शामिल नहीं होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन को ईरान के साथ युद्ध में नहीं घसीटा जाएगा। स्टार्मर ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को नौवहन के लिए पूरी तरह खुला रखना उनकी प्राथमिकता है, क्योंकि इसके बंद होने से वैश्विक ऊर्जा बाजार प्रभावित हो रहे हैं और लोगों के लिए बिजली-गैस के बिल बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारा युद्ध नहीं है और हम इसमें नहीं फंसेंगे।

### साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, आठ गिरफ्तार

**कानपुर (एजेंसी)।** कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और प्रतिबंधित ऑनलाइन गेमिंग एप के माध्यम से लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 26 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 54 एटीएम कार्ड, 26 पासबुक, एक चेकबुक, 30 मोबाइल सिम तथा अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त प्रतिबंधित गेमिंग ऐप/वेबसाइट के माध्यम से लोगों को लालच देकर ठगी करते थे तथा फर्जी खातों के जरिए धनराशि को ट्रांसफर कर ठिकाने लगाते थे।

### यूपीपीएससी पर छात्रों का धरना

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा के तहत सहायक अभियंता तथा सम्मिलित राज्य कृषि सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित करने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों ने सोमवार को आयोग परिसर के बाहर धरना दिया। आयोग के गेट नंबर दो के बाहर हाथों में पोस्टर और बैनर लेकर छात्रों ने नारेबाजी की तथा परिणाम शीघ्र जारी करने की मांग उठाई। कड़ी धूप के बावजूद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी कई घंटे तक धरने पर बैठे रहे। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट इंजीनियर और एग्रीकल्चर मुख्य परीक्षा का परिणाम लंबे समय से लंबित है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दाखिल याचिकाओं के कारण परिणाम घोषित नहीं हो पा रहा है, जिससे हजारों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। संयुक्त प्रतियोगी छात्र हुंकार मंच के संयोजक पंकज पांडेय ने आरोप लगाया कि न्यायालय में लंबित मामलों की पिछली कई सुनवाइयों में आयोग की ओर से प्रभावी पैरवी नहीं की गई और लगातार तिथि ली जा रही है।

## हरियाणा में 3 नगर निगमों सहित 7 निकायों में चुनाव 10 मई को होंगे

- सोनीपत-पंचकूला और अंबाला में मेयर चुने जाएंगे
- पंचायत उपचुनाव भी साथ; 13 को मतगणना

**पंचकूला (ब्यूरो)।** हरियाणा में सोमवार को 7 नगर निकायों के आम चुनाव और पंचायती राज के 528 पदों पर उपचुनाव की घोषणा हो गई। हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र कल्याण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सोनीपत, पंचकूला, अंबाला नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद, उकलाना, धारूहेड़ा व सांपला नगर पालिका में 10 मई को वोटिंग होगी। 13 मई को परिणाम घोषित होगा।



मतदान के ऐलान के साथ ही चुनाव वाले सभी इलाकों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। टोहाना के वार्ड-17, झज्जर नगर परिषद के वार्ड-13, राजौंद के वार्ड-11, तरावड़ी के वार्ड-8, कनीना के वार्ड-14 और साढ़ौरा के वार्ड-9 में उपचुनाव भी इसी दिन होंगे। मेयर व चेयरमैन का चुनाव सीधे होगा। 21 से 25 अप्रैल तक नामांकन भरे जा सकेंगे, जांच 27 को और नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 28 अप्रैल है। पहली बार होगा जब नोटा का बटन तो होगा लेकिन इससे चुनाव नतीजों पर असर नहीं पड़ेगा।

वोटिंग ईवीएम से होगी, लेकिन वीवीपैट का इस्तेमाल नहीं होगा। चुनाव ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को अब केंद्रीय चुनाव आयोग के तय दरों के बराबर मानदेय मिलेगा। चुनाव आयुक्त के मुताबिक पानीपत और करनाल जिला परिषद के 1-1 वार्ड, 12 ब्लॉक समिति सदस्यों, 29 सरपंच, 485 पंच पदों के लिए वोटिंग भी 10 मई को होगी। उसी दिन वोटों की गिनती करके नतीजे घोषित हो जाएंगे।

### ग्रेनेड हमले के छह आरोपी गिरफ्तार, दो पिस्तौल बरामद

**अमृतसर (एजेंसी)।**

पंजाब में अमृतसर ग्रामीण पुलिस और फरीदकोट पुलिस के संयुक्त अभियान में पुलिस थाना भिंडी सैदा पर हुए ग्रेनेड हमले के छह आरोपियों को दो पिस्तौल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस मॉड्यूल को पाकिस्तान की आईएसआई का समर्थन प्राप्त था। आरोपी विदेश से सक्रिय एक पाकिस्तान स्थित हैंडलर के संपर्क में थे, जो पंजाब में आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था। डीजीपी यादव ने कहा कि 29-30 मार्च, 2026 की मध्यरात्रि को, आरोपियों ने हैंड ग्रेनेड प्राप्त किए, रेकी की और हमले को अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल को कट्टरपंथी बनाया गया था और पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने के लिए प्रेरित किया गया था। हमले को अंजाम देने के बदले उन्हें भारी वित्तीय पुरस्कार देने का वादा किया गया था। डीजीपी ने कहा कि इस संबंध में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम , यूएपीए , भारतीय न्याय संहिता और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। नेटवर्क के आगे-पीछे के संबंधों को स्थापित करने और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच जारी है।

### डंपर और ईको कार की टक्कर, नौ लोगों की मौत

**कल्याण (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कल्याण में डंपर और ईको कार की टक्कर में 9 लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ठाणे के पुलिस अधीक्षक (एसपी) डीएस स्वामी ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार, कल्याण में दुर्घटना कल्याण-मुरबाड मार्ग पर रायता पुल के पास सुबह करीब 11 बजे हुई। ईको कार में कुल 12 लोग सवार थे। यह कार मुरबाड़ जा रही थी। हालांकि, कल्याण के नजदीक रायता पुल के पास कार डंपर से भिड़ गई। हादसा इतना भयंकर था कि ईको कार के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की भीड़ भी जुट गई। आनन-फानन पुलिस को घटना की सूचना दी गई। टिटवाला पुलिस और राहत बचाव दल मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। वहीं, कार से शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**आबकारी नीति मामला:**

### जज को सुनवाई से हटाने की मांग केजरीवाल ने खुद रखी दलीलें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आबकारी नीति मामले में सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट में खुद अपनी दलीलें पेश की। इस दौरान उन्होंने याचिका दायर कर मांग की कि इस मामले में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर सुनवाई से जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा को अलग (रिक्यूजल) किया जाए। केजरीवाल सहित अन्य की याचिका पर सुनवाई के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। वहीं दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की तरफ से सीनियर वकील संजय हेगड़े ने दलील रखी। केजरीवाल ने अपनी दलील में कहा कि एक पुरानी परंपरा है कि जज के निकट सम्बन्धी अगर राजनीतिक पार्टी/सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़े हों तो जज सुनवाई से अलग हो जाते हैं। हालांकि एसजी तुषार मेहता ने केजरीवाल की रिक्यूजल की याचिका खारिज करने की मांग की।

## देश के दो बड़े मुद्दे सुप्रीम कोर्ट की चौखट पर

### 'औसत लागत प्लस 50% पर तय हो फसलों का एमएसपी'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट में फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर एक अहम याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में मांग की गई है कि किसानों को उनकी फसल का उचित और वाजिब दाम मिले और एमएसपी तय करते समय खेती की पूरी असली लागत को ध्यान में रखा जाए। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए केन्द्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में यह भी कहा गया कि जो किसान अपनी फसल एमएसपी पर बेचना चाहते हैं, सरकार उनकी पूरी उपज खरीदे। इसके साथ ही हर गांव, ब्लॉक, तहसील और जिले में पर्याप्त सरकारी खरीद केन्द्र बनाए जाने की मांग की गई है।



### 'मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का बायोमैट्रिक पहचान सत्यापन हो'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) और सभी राज्यों को एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर नोटिस जारी किया। इस याचिका में चुनावी धांधलियों को रोकने के लिए मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की फिंगरप्रिंट और आइरिस-आधारित बायोमेट्रिक पहचान लागू करने की मांग की गई है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की ओर से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि याचिका में की गई मांग पर कुछ राज्यों में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए विचार नहीं किया जा सकता है।

**चिंताजनक** 2025 में दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग हुए थे विस्थापित

## पश्चिम एशिया संकट से दुनिया में रोजगार संकट का खतरा: विश्व बैंक प्रमुख

**नई दिल्ली/ वाशिंगटन (एजेंसी)।**

विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने आगाह किया है कि पश्चिम एशिया का संकट लम्बा खिंचा तो वैश्विक स्तर पर रोजगार संकट पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा है कि स्थिति को संभालने के लिए विकास बैंकों और निजी निवेशकों के साथ मिलकर तात्कालिक आर्थिक दबावों और दीर्घकालिक संरचनात्मक कमियों- दोनों को दूर करने के लिए प्रयास करना आवश्यक होगा।

बंगा ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से चल रहे संकट के बारे में एक




बातचीत में कहा कि इस संकट के कारण, आने वाले समय में दसियों करोड़ों लोग रोजगार के अवसरों के अभाव में रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगले 10 से 15 वर्षों में विकासशील देशों में लगभग 1.2 अरब लोग काम करने की उम्र में प्रवेश करेंगे। लेकिन मौजूदा आर्थिक रुझानों से केवल लगभग 40 करोड़ रोजगार ही पैदा होंगे, जिससे लगभग 80 करोड़ रोजगारों की कमी रह जाएगी।

विश्व बैंक प्रमुख ने कहा कि दुनिया भर की सरकारों को तात्कालिक संकटों और दीर्घकालिक प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाना होगा, जिसमें रोजगार सृजन, स्वच्छ पानी की उपलब्धता और विद्युतीकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें एक ही समय में कई काम करने होंगे। मौजूदा माहौल एक तेज गति वाला चक्र है, जिस पर भू-राजनीतिक झटकों का दबदबा है। बंगा ने चेतावनी दी कि रोजगार की कमी को दूर करने में विफलता से अवैध प्रवासन और अस्थिरता बढ़ सकती है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के उन अनुमानों का हवाला दिया, जिनसे पता चलता है कि 2025 में दुनिया भर में 11.7 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए थे।

उन्होंने कुछ बुनियादी मान्यताओं पर आधारित अनुमान के हवाले से कहा कि यदि युद्ध जल्दी समाप्त हो जाता है, तो वैश्विक वृद्धि दर प्रतिशत 0.3 से 0.4 अंक तक कम हो सकती है; और यदि युद्ध लंबा चलता है, तो यह एक प्रतिशत अंक तक कम हो सकती है।

## आशा भोसले पंचतत्व में विलीन

### स्मृति में मुंबई में बनेगी विश्व स्तरीय संगीत अकादमी

- अंतिम संस्कार में हर किसी की आंखें नम
- बेटे आनंद भोसले ने दी मुखाग्नि

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय संगीत की दुनिया में राज कर चुकीं आशा भोसले पंचतत्व में विलीन हो गईं। मुंबई के शिवाजी पार्क में राजकीय सम्मान के साथ उन्हें आखिरी विदाई दी गई।

आशा भोसले के परिवार, फिल्मी हस्तियां और उन्हें चाहने वाले उनके अपनों ने सोमवार को नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि दी। बेटे आनंद भोसले ने उन्हें मुखाग्नि दी। संगीत जगत की दिग्गज सिंगर आशा भोसले का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया, जिन्हें लोग प्यार से 'आशा ताई' भी कहते थे। उनके निधन से न केवल मनोरंजन जगत में बल्कि



पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई। जिन्हें लोग अब तक अपने सामने गाते हुए देखा करते थे, अब वो यादें बनकर रह जाएंगी।

बॉलीवुड से कई हस्तियां आशा को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंची, जिनमें तब्बू से लेकर आशा पारेख, सचिन तेंडुलकर, रितेश देशमुख, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, उनकी पत्नी रश्मी ठाकरे और नेता आदित्य ठाकरे, महाराष्ट्र के राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा, भारतीय गायक और संगीतकार लेस्ली पीटर लुईस, और भारतीय संगीतकार उत्तम सिंह पहुंचे थे।

# वेतन वृद्धि को लेकर कर्मचारियों ने डीएमई पर किया प्रदर्शन, जाम में फंसी एम्बुलेंस, पुलिस पर भी हुआ पथराव

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** वेतन वृद्धि की मांग को लेकर कर्मचारी नोएडा से शुरू होकर गाजियाबाद तक पहुंच गए और अपनी मांगों को लेकर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर जाम लगा दिया। एक्सप्रेसवे पर लगे जाम के कारण गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाले रूट पर वाहनों का काफिला इकट्ठा हो गया और उसमें एंबुलेंस भी फंस गई। कड़ी मशक्कत करने के बाद एक्सप्रेसवे पर एंबुलेंस को बाहर निकाला गया। कर्मचारी प्रदर्शन करते हुए एक्सप्रेसवे की दोनों तरफ खड़े हो गए, जिस कारण दिल्ली से गाजियाबाद आने वाले दोनों तरफ के मार्गों पर भी जाम लग गया। जाम को खुलवाने के लिए पुलिस ने कर्मचारियों को समझाना शुरू किया, लेकिन कर्मचारियों ने राहगिरों और पुलिस के साथ ही अभद्र व्यवहार करते हुए पथराव करना शुरू कर दिया। पथराव होते ही पुलिस ने उपद्रव करने वालों के ऊपर लाठी चार्ज करना शुरू कर दिया और भीड़ को छीजर्सी कट से खदेड दिया।



नोएडा व एक्सप्रेसवे पर हुए बवाल के बाद गाजियाबाद पुलिस अलर्ट मोड पर है और लगातार इंडस्ट्रियल एरिया में हिंसक उपद्रव को रोकने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है। फ्लैग मार्च के दौरान लगातार इंडस्ट्रियल एरिया में काम करने वाले कर्मचारियों से अपील की जा रही है



कि वह शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें और किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर को नहीं बिगाड़े। वही इंडस्ट्रियल एरिया में सड़कों पर मौजूद लोग से पूछताछ करते हुए चेकिंग की जा रही है। डीसीपी धवल जायसवाल ने बताया कि स्थिति को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया गया है और



एक्सप्रेसवे को सामान्य स्थिति में ला दिया गया है। किसी भी स्थिति में लॉ एंड ऑर्डर को नहीं बिगड़ने दिया जाएगा। एक्सप्रेसवे और छीजर्सी कट पर किए गए उपाद्रव की वीडियोग्राफी करवाई गई है और आरोपियों को चिन्हित करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## डॉ के एन मोदी यूनिवर्सिटी के स्पंदन 2026 स्टार नाइट में झूमे विद्यार्थी, पंजाबी गायकों ने बांधा समां






**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** डॉ के एन मोदी फाउंडेशन की ओर से डॉ के एन मोदी यूनिवर्सिटी के एनसीआर कैंपस में स्पंदन 2026 के तहत भव्य स्टार नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पंजाबी गायक जस्सी गिल और बब्बल राय की लाइव परफॉर्मेंस ने देर रात तक विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही दोनों कलाकारों ने मंच संभाला, पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ डीके मोदी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य और निदेशक मौजूद रहे। सभी ने कलाकारों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर डॉ डीके मोदी ने कहा कि फाउंडेशन से जुड़े सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की गुणवत्ता बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही सफलता का आधार है। साथ ही उन्होंने बताया कि संस्थानों में छात्र छात्राओं को बड़े स्तर पर कौशल विकास से जुड़ी शिक्षा भी प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। कार्यक्रम के दौरान जस्सी गिल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब तक इंसान के भीतर सपने देखने की हिम्मत है, तब तक उसे कोई नहीं रोक सकता। वहीं बब्बल राय की ऊर्जा से भरपूर प्रस्तुति ने माहौल को और भी उत्साहित कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राएं संगीत की धुन पर थिरकते नजर आए। अंत में फाउंडेशन की ओर से विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्टाफ का कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## सहारनपुर : एक्सप्रेस-वे उद्घाटन से पहले सीएम योगी ने परखी व्यवस्थाएं, छावनी में तब्दील हुआ क्षेत्र

**सहारनपुर (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस वे उद्घाटन कार्यक्रम से पहले सहारनपुर पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उनका हेलीकॉप्टर मुजफ्फरनगर से उड़ान भरकर मनोहरपुर के पास गणेशपुर स्थित हेलीपैड पर उतरा, जहां प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस वे पर बने लगभग 12 किलोमीटर लंबे वाइल्ड लाइफ कॉरिडोर से होते हुए डाट काली मंदिर तक निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल से लेकर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट तक सुरक्षा और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को गणेशपुर हेलीपैड पर उतरेंगे और मुख्यमंत्री के साथ ऐलीवेटेड रोड से होते हुए डाट काली मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे, इसके बाद देहरादून में जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के बाद




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहारनपुर के मनोहरपुर में आयोजित भाजपा रैली को भी संबोधित करेंगे। निरीक्षण के उपरांत मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बैठक कर अंतिम तैयारियों की समीक्षा की। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में ही निर्धारित है। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था अभूतपूर्व स्तर पर की गई है। पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपीजी, पीएसी, पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, आरएएफ, होमगार्ड और पीआरटी के जवान सुरक्षा में लगाए गए हैं। कार्यक्रम स्थल की निगरानी के लिए 36 ड्रोन कैमरों



का उपयोग किया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, आधी रात से दिल्ली देहरादून एक्सप्रेस-वे पर यातायात प्रतिबंधित कर दिया जाएगा और रूट डायवर्जन लागू रहेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के मद्देनजर हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर उतारकर रिहर्सल भी पूरी कर ली गई है।करीब 212 किलोमीटर लंबे और छह लेन वाले दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून की दूरी और समय में भारी कमी आएगी। अब यह सफर लगभग ढाई से तीन घंटे में पूरा किया जा सकेगा। तीन वर्षों में तैयार हुए इस एक्सप्रेस वे से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास और पर्यटन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## जीडीए के विशेष शिविर में उमड़ी आवंटियों की भीड़, पहले ही दिन रजिस्ट्री और नामांतरण के दर्जनों मामलों का हुआ समाधान

**आरव शर्मा**

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा आवंटियों की लंबे समय से लंबित रजिस्ट्री और नामांतरण (म्यूटेशन) संबंधी समस्याओं को सुलझाने के लिए विशेष शिविर का भव्य आगाज किया गया। प्राधिकरण के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुरू हुए इस शिविर के पहले ही दिन आवेदकों में भारी उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में पहुंचे आवंटियों ने अपनी समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान की गई।

**विभिन्न योजनाओं के तहत आए दर्जनों आवेदन**

शिविर के पहले दिन का फीडबैक बेहद सकारात्मक रहा। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार

**रजिस्ट्री प्रक्रिया**

इंद्रप्रस्थ, संजय नगर, मधुबन बापूधाम और प्रताप विहार जैसी सामान्य योजनाओं के अंतर्गत रजिस्ट्री के लिए 17 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के लाभार्थियों ने भी उत्साह दिखाते हुए रजिस्ट्री के लिए 17 प्रार्थना पत्र जमा किए।

नामांतरण (नाम दर्ज) नामांतरण के मामलों में सामान्य योजनाओं से 10 और प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के अंतर्गत 20 आवेदन प्राप्त हुए। प्राधिकरण की टीम ने इन सभी आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही शुरू कर दी है।

**18 परिवारों को मिला मालिकाना हक का प्रमाण पत्र**



शिविर की सबसे बड़ी सफलता उन आवंटियों के चेहरे पर दिखी जो वर्षों से अपने नाम दर्ज होने का इंतजार कर रहे थे। प्राधिकरण ने तत्परता दिखाते हुए कुल 18 पुराने लंबित प्रकरणों का पूरी तरह निस्तारण कर दिया। इन सभी सफल आवेदकों को शिविर में ही नाम दर्ज (नामांतरण) प्रमाण पत्र सौंप दिए गए, जिससे उनकी संपत्ति से जुड़ी कानूनी बाधाएं दूर हो गईं।

**अधिकारियों को सख्त निदेर्श: काम में न हो देरी**

शिविर के सुचारू संचालन को लेकर प्राधिकरण प्रशासन पूरी तरह गंभीर नजर आ रहा है। कार्यों में गति लाने और फाइलों को समयबद्ध तरीके से निपटाने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना के 50 प्रकरणों और इंद्रप्रस्थ योजना के 9 प्रकरणों में तत्काल रजिस्ट्री सुनिश्चित



करने को कहा गया है, ताकि आवंटियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें।

**पारदर्शिता और सुगम सेवा की ओर बढ़ता कदम**

जीडीए की इस पहल को शहरवासियों द्वारा पारदर्शिता और जन केंद्रित शासन की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। प्राधिकरण के इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य बिचौलियों की भूमिका को खत्म करना और सीधे आवंटियों को उनके हक दिलाना है। अधिकारियों ने अपील की है कि जिन आवंटियों की रजिस्ट्री या नामांतरण की प्रक्रिया किन्हीं कारणों से रुकी हुई है, वे इस विशेष शिविर का लाभ अवश्य उठाएं।

यह शिविर आगामी दिनों में भी जारी रहेगा, जिसमें आवंटी अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी फाइलों की स्थिति जानकर उनका समाधान करा सकते हैं।

## राष्ट्रवाद व विकास के साथ अंत्योदय की ओर बढ़ रहा देश : डॉ. दिनेश शर्मा



**शामली (शिखर समाचार)।** राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि राष्ट्रवाद और विकास की जुगलबंदी के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय के लक्ष्य की ओर निरंतर अग्रसर है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व को दिशा दिखा रहा है। कांधला में आयोजित सामाजिक सम्मेलन एवं कश्यप जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं जनकल्याण पर आधारित हैं और बिना किसी भेदभाव के लागू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति नहीं, बल्कि सबके साथ न्याय में विश्वास रखती है। डॉ. शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के कुशल प्रबंधन के चलते वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश की आम जनता पर कोई बड़ा प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को संसद और विधानसभाओं में आरक्षण देने की पहल को ऐतिहासिक कदम बताया। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और विकास कार्यों में तेजी आई है। सड़क, बिजली, स्वास्थ्य और किसानों से जुड़ी योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेंद्र सिंह, मनीष चौहान, भाजपा नेता मोहित बेनीवाल, जिला अध्यक्ष रामजीलाल कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में किया 951 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास, युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र







**मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुजफ्फरनगर में 951 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में उन्होंने रोजगार मेले के तहत चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरूआत भारत माता की जय और वंदे मातरम के उद्घोष के साथ की। उन्होंने शुकतीर्थ की पावन भूमि को नमन करते हुए इसे महर्षि शुकदेव की तपोभूमि बताया और कहा कि यह भूमि सदैव प्रेरणा देने वाली रही है। उन्होंने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह को किसानों का सच्चा हितैषी बताते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा का विमोचन भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का योगदान पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित और सशक्त हुआ है। उन्होंने दावा किया कि भारत में महंगाई निर्यंत्रित है और आम जनता को राहत देने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ तत्व विकास और शांति में बाधा डालने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सरकार ऐसी कोशिशों को सफल नहीं होने देगी।

उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है, उद्योगों को बढ़ावा मिला है और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में बड़े स्तर पर पुलिस भर्ती की गई है, जिसमें हजारों युवा शामिल हुए हैं और जल्द ही अपनी सेवाएं देंगे। कार्यक्रम में रोजगार मेले के तहत चयनित 250 युवाओं में से कुछ को मंच से नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने श्रमिकों और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि सरकार दोनों के हितों की रक्षा करेगी। न्यूनतम वेतन की गारंटी और श्रमिकों के खातों में सीधे भुगतान की व्यवस्था लागू करने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि महापुरुषों को जाति के दायरे में बांटना उचित नहीं है। उन्होंने महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह जैसे महान व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सभी ने राष्ट्र के लिए कार्य किया, न कि किसी जाति विशेष के लिए।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी, राज्य सरकार के मंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब, 121 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**हापुड़ (शिखर समाचार)।** मां आद्यशक्ति चंडी पालकी सेवा समिति (पंजीकृत) के तत्वावधान में श्री चंडी मंदिर प्रांगण में प्रथम रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाजसेवा की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर में कुल 121 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस दौरान शहर के वरिष्ठ पत्रकारों, चंडी मंदिर प्रबंधक समिति के पदाधिकारियों तथा मंदिर के पुजारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई और रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। शिविर में स्वास्थ्य जांच की भी व्यवस्था की गई, जहां लोगों ने अपनी स्वास्थ्य संबंधी जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों और सेवादारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ जरूरतमंदों के लिए जीवनदायी साबित होते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया।

## धामपुरः 8 मार्च से लापता इसरार की हत्या का खुलासा, दोस्त ही निकले कातिल



**बिजनौर (शिखर समाचार)।** धामपुर पुलिस ने 8 मार्च से लापता नूरपुर निवासी इसरार अहमद की हत्या का सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इसरार की हत्या उसके ही करीबी दोस्तों ने गला घोंटकर की थी। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) ए.के. श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 मार्च को नूरपुर निवासी अफसर ने धामपुर थाने में तहरीर देकर अपने भाई इसरार अहमद के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की सूचना दी थी। अफसर ने गांव तिबड़ी निवासी आशु सिद्दीकी पर शक जताया था, क्योंकि इसरार को आखिरी बार उसी के साथ देखा गया था। पुलिस ने संदेह के आधार पर आशु सिद्दीकी को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल करते हुए बताया कि उसने अपने साथी शाहनवाज अहमद और जाबिर के साथ मिलकर इसरार की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के इरादे से शव को नूरपुर क्षेत्र में रामगंगा नदी के किनारे ले जाकर फेंक दिया और पेट्रोल डालकर उसे जलाने का प्रयास भी किया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल से इसरार का अधजला शव बरामद कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने मृतक के दो मोबाइल फोन, एक ब्रेसलेट और हत्या में प्रयुक्त रस्सी समेत अन्य सामान भी कब्जे में ले लिया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जा रहा है। इस सनसनीखेज घटना के खुलासे के बाद क्षेत्र में दहशत और चचाओं का माहौल बना हुआ है।

## शालीमार गार्डन पुलिस ने देह व्यापार का किया भंडाफोड़, महिला संचालिका सहित 2 अभियुक्त गिरफ्तार



**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस ने क्षेत्र में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ सोमवार को कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में महिला संचालिका आरती और 2 अभियुक्त विपिन व शोयब शेख को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 4 महिलाओं को रेस्क्यू भी किया। इसके अलावा आपत्तिजनक सामग्री भी मौके से बरामद की गई। सहायक पुलिस आयुक्त शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में पुलिस ने सर्च एवं रैस्क्यू अभियान चलाया हुआ है। शालीमार हाउसिंग कांप्लेक्स में देह पर चलने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना अध्यक्ष शालीमार गार्डन और पुलिस टीम के साथ मौके पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से अनैतिक दैह व्यापार में लिप्त 4 पीड़ित महिलाओं को मौके से रैस्कयू किया गया। उन्होंने बताया कि अनैतिक दैह व्यापार में सम्मलित 1 महिला संचालिका और 2 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार करते हुए आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। सभी के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए सभी लोगों का अपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि वह नौकरी का लालच देकर महिलाओं से अनैतिक देह व्यापार करवाती थी। ग्राहकों से मोटी रकम वसूल कर उसमें से कुछ अंश उन्हें दिया करती थी।

## पुलिस अभिरक्षा में युवक की मौत का मामलाः सांसद ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**मोदीनगर (शिखर समाचार)।** निवाड़ी थाना क्षेत्र के पतला कस्बे निवासी अमित चौधरी की पुलिस अभिरक्षा में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बागपत मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि अमित, पुत्र सुभाष चौधरी की मृत्यु निवाड़ी पुलिस की अभिरक्षा में संदिग्ध हालात में हुई है। इस मामले में दो दरोगाओं समेत चार पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है, लेकिन इसे केवल निलंबन तक सीमित रखकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि घटना के बाद मृतक के परिजनों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। प्रथम दृष्टया यह मामला मानवाधिकारों के उल्लंघन से जुड़ा प्रतीत होता है, इसलिए इसकी जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जानी आवश्यक है, ताकि सच्चाई सामने आ सके। सांसद ने मुख्यमंत्री से यह भी मांग की है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, जिससे उन्हें न्याय मिल सके और किसी प्रकार का दबाव न बने।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को फेल करने पर एबीवीपी ने किया हंगामा, तोड़फोड़

**अलीगढ़, एजेंसी।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) में बीए और बीएससी प्रथम वर्ष में विद्यार्थियों को बड़ी संख्या में फेल करने पर शनिवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। प्रशासनिक भवन में जाने से रोकने पर सुरक्षाकर्मियों से नोकझोंक और खींचतान हुई, जिसमें गेट का शीशा टूट गया। सूचना मिलने पर पांच थानों की पुलिस और कई प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंच गए। इस मामले में विवि प्रशासन ने जांच कमेटी गठित कर दी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शनिवार को दोपहर करीब एक बजे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचे। विद्यार्थियों ने जानबूझकर एक और दो अंक से फेल करने का आरोप लगाया और हंगामा किया। इसी बीच विद्यार्थी प्रशासनिक भवन में अंदर जाना चाहते थे, तभी उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया, जिस पर खूब नोकझोंक और खींचतान हुई। इस दौरान गेट का शीशा टूट गया। गुस्साए छात्र धरने पर बैठ गए और विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उनका उग्र प्रदर्शन देखकर विवि प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दे दी। थोड़ी देर में ही एसडीएम कोल, एडीएम, एसपी सिटी, सीओ गभाना पहुंच गए। गभाना, लोधा, रोरावर, देहलीगेट और सासनीगेट थाने की पुलिस पहुंची। शाम चार बजे तक प्रदर्शन जारी रहा। प्रशासन के अफसरों के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन खत्म हुआ। परिषद की प्रांत सह मंत्री खुशी सिंह ने कहा कि अगर सात दिन में परीक्षा परिणाम की विसंगतियों को दूर नहीं किया गया तो आंदोलन उग्र होगा। प्रदर्शन के दौरान महानगर मंत्री पीयूष भारद्वाज, विभाग संगठन मंत्री विश्वेंद्र, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष दीपक भारद्वाज, यथार्थ सिंह, आकाश सिंह, अमन शर्मा, हर्ष शर्मा, सोनू, मुकुल आदि शामिल रहे। परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा गया।

### शादी से पहले रची साजिश, हिस्ट्रीशीटर बना दरोगा तो साथी बने सिपाही

**गोरखपुर , एजेंसी।** शादी के नाम पर राजस्थान से बुलाए गए परिवार को फर्जी पुलिस बताकर ठगी करने वाले गिरोह की करतूतें पुलिस की जांच में सामने आ गई हैं। पुलिस के मुताबिक, हिस्ट्रीशीटर अंकुर सिंह ने शादी तय होने के बाद ठगी की साजिश रची। वह शादी के दौरान खुद को दरोगा बताकर सामने आया, जबकि उसके साथी हेड कांस्टेबल, सिपाही बताकर परिवार को डरा-धमका रहे थे। पुलिस की जांच में पता चला कि ठगी की इस साजिश की रूपरेखा हिस्ट्रीशीटर अंकुर सिंह के घर पर तैयार की गई थी। हरियाणा निवासी बिचौलिया राजू शर्मा परिवार को राजस्थान से गोरखपुर लेकर आया। गिरोह में शामिल गुर्गे अलग-अलग भूमिकाओं में थे। अंकुर सिंह खुद को दरोगा बताकर पूरे ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहा था, जबकि धीरेंद्र यादव उर्फ टुनटुन ने हेड कांस्टेबल की भूमिका निभाई। मुन्ना जायसवाल और नवमी शर्मा को सिपाही और गार्ड की भूमिका दी गई थी। रवि चौधरी को दुल्हन का भाई और शैला देवी को उसकी मौसी बनाकर पेश किया गया ताकि पीड़ित परिवार को किसी भी तरह का शक न हो। घटना के दौरान आरोपियों ने खुद को असली पुलिसकर्मी साबित करने के लिए पुलिस की तरह इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के डंडे, फर्जी पहचान पत्र और अन्य सामान भी अपने साथ रखा था। इन्हीं के सहारे उन्होंने पीड़ित परिवार को बंधक बना लिया और धमकाते हुए कहा कि यदि विरोध किया तो जेल भेज दिया जाएगा। आरोपियों ने पीड़ित परिवार को मानसिक रूप से दबाव में लाने के लिए उनकी पत्नी को फोन कर एक लाख रुपये की रंगदारी की मांग भी की थी। डर के माहौल में परिवार से रुपये वसूलकर आरोपी मौके से भाग गए।

### 40 साल से अधिक समय से रह रहे कब्जेदारों को मिल सकती है राहत

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर और बस्ती मंडल में स्थित बेतिया एस्टेट की लगभग 125 एकड़ बेशकीमती जमीन पर 40 साल से अधिक समय से काबिज लोगों को बड़ी राहत मिल सकती है। बिहार सरकार की ओर से ऐसे कब्जेदारों को स्वामित्व देने पर विचार किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में अध्यादेश 2026 लागू होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी कि किन शर्तों के तहत जमीन का मालिकाना हक दिया जाएगा ।गोरखपुर के बेतियाहाता मोहल्ले में करीब 51 एकड़ जमीन पर लंबे समय से कब्जा है। बिहार सरकार की ओर से गठित टीम ने सर्वे और पैमाइश कर रिपोर्ट तैयार की है। अब तक की जांच में करीब पांच एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे की पुष्टि हुई है ।इस मामले में 37 लोगों को बेदखली का नोटिस जारी करने के बाद एसडीएम कोर्ट में वाद भी दाखिल किया गया है। शेष भूमि की पैमाइश की प्रक्रिया अभी जारी है। कुछ स्थानों पर सरकारी आवास भी बने हुए हैं ।स्थानीय निवासी जेपी दुबे ने कहा कि यदि अध्यादेश की प्रति जारी हो जाती है तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार स्वामित्व देने का निर्णय लेती है तो यह स्वागत योग्य कदम होगा, क्योंकि कई लोग 50 वर्ष से अधिक समय से वहां रह रहे हैं ।वहीं बिहार सरकार के सहायक बंदोबस्त अधिकारी बद्री प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अभी तक इस संबंध में कोई आधिकारिक शासनादेश प्राप्त नहीं हुआ है।

यूपी में 82 लाख किसानों ने नहीं कराई फार्मर रजिस्ट्री

# अब एमएसपी पर गेहूं बेचने का संकट

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में 82 लाख किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई। इस कारण उनके सामने एमएसपी पर गेहूं बेचने का संकट है। सम्मान निधि समेत कई योजनाओं के लाभ से भी वंचित होंगे।

उत्तर प्रदेश के लगभग 81.95 लाख किसानों ने अभी तक फार्मर रजिस्ट्री नहीं कराई है। ऐसे में ये किसान न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं बेच पाएंगे। न ही उन्हें किसान सम्मान निधि के साथ मत्स्य व पशुपालन समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

लखनऊ जिले के भी 72,128 किसानों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। बता दें कि प्रदेश के कुल 75 जिलों में 2,88,70,495 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होनी है, जिनमें से सिर्फ 2,06,75,387 किसानों की ही रजिस्ट्री हो सकी है। यह करीब 80.32 फीसदी है। नतीजतन शेष किसानों के सामने एमएसपी पर गेहूं बेचने का संकट खड़ा हो गया है।



### फार्मर रजिस्ट्री में रामपुर अव्वल, सुल्तानपुर फिसड्डी

रामपुर जिला फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश में अव्वल है। जिले के 3,07,005 में से 2,53,909 किसान रजिस्ट्री करा चुके हैं। यह लक्ष्य का 99.58 फीसदी है। मुजफ्फरनगर में 97.73, गाजियाबाद में 94.72, एटा में 93.28 और कासगंज में 92.67 फीसदी किसान रजिस्ट्री करा क्रमशः प्रदेश में दूसरे, तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर हैं।

वहीं, लखनऊ 61वें स्थान पर है। यहां 2,46,043 में से 1,73,915 किसान ही रजिस्ट्री कराए हैं। यह लक्ष्य का 74.83 फीसदी है। वहीं, सुल्तानपुर के किसान 65.70 फीसदी के साथ फिसड्डी है। फार्मर आईडी में पिछड़े अन्य जिलों में कानपुर देहात, देवरिया, गोरखपुर और कौशाम्बी शामिल है। इन जिलों में 65 से 70 प्रतिशत किसानों ने ही रजिस्ट्री कराई है।

### बिना रजिस्ट्री कृषि योजनाओं के लाभ नहीं

प्रदेश सरकार ने किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) को सभी कृषि व सहयोगी विभागों की लाभार्थी योजनाओं के लिए अनिवार्य कर दिया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से जारी आदेश में कहा गया कि भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्तें भी सिर्फ उन्हीं किसानों को मिलेंगी, जिनकी फार्मर आईडी बनी होगी। उर्वरक, बीज, कीटनाशक वितरण और लाभार्थी चयन में इसे अनिवार्य किया गया है। एमएसपी पर गेहूं, दलहन, सरसों आदि की बिक्री के लिए यह आईडी जरूरी होगा।

### इस तरह कराएं फार्मर रजिस्ट्री

किसान आधार कार्ड, खतौनी की प्रति और आधार से लिंक मोबाइल फोन नंबर के साथ जनसेवा केंद्र, कृषि विभाग के कर्मचारी या लेखपाल से संपर्क कर रजिस्ट्री करा सकते हैं। किसान खुद भी अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकता है। इसके लिए किसानों को अपने सभी खेतों, गाटा और खतौनियों को रजिस्ट्री से जोड़ना होगा।

## बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा 13 अप्रैल से, यात्रियों को मिलेगी राहत

**बरेली, एजेंसी।** बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी ट्रेन सेवा का शुभारंभ 13 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। इस ट्रेन के संचालन से जिले के हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

बदायूं जिले के हजारों यात्रियों का लंबे समय से चला आ रहा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। बदायूं से दिल्ली के लिए सीधी रेल सेवा 13 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। इस महत्वपूर्ण रेल सेवा का शुभारंभ सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा करेंगे। कार्यक्रम में रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

इस नई रेल सेवा के शुरू होने से बदायूं, कासगंज और बरेली क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। अब तक दिल्ली जाने के लिए यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती थी या लंबा सफर तय करना पड़ता था, लेकिन इस ट्रेन के संचालन से यात्रा सरल, सुलभ और समयबद्ध हो जाएगी।



रेलवे विभाग के अनुसार, यह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन कासगंज से प्रारंभ होकर बदायूं और बरेली होते हुए सीधे दिल्ली तक जाएगी। यह सेवा न केवल दैनिक यात्रियों के लिए उपयोगी होगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी दिल्ली जाने वाले लोगों को काफी सहूलियत प्रदान करेगी।

इस योजना को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा लंबे समय से प्रयास किए जा रहे थे। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से 24 मार्च को जारी आधिकारिक पत्र में इस सेवा को मंजूरी दी गई थी। यह स्वीकृति केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा के 20 नवंबर 2025 को भेजे गए प्रस्ताव के संदर्भ में दी गई है। रेल मंत्रालय के इस निर्णय को क्षेत्र के समग्र विकास और जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

रेलवे स्टेशन पर शुरू हुईं तैयारियां

बदायूं रेलवे स्टेशन पर उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। स्टेशन परिसर को सजाने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी की जा रही है। कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आम लोगों के शामिल होने की संभावना है।

### कोयले से लदा कंटेनर पलटा, मलबे में दबकर कई लोगों के अंग-भंग ; दो शव बरामद, राहत कार्य जारी

**कानपुर, एजेंसी।** कन्नौज जिले के छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में तालग्राम रोड पर भाऊलपुर चौराहे के पास रविवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया, जब कोयला लदा एक कंटेनर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में कई लोगों के कंटेनर के नीचे दबने की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।


हादसे की चपेट में आने से कई बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया। कंटेनर के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए जेसीबी मशीन भी बुलाई गई, लेकिन भारी वजन के कारण कंटेनर को हिलाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।



**लोगों के अंग-भंग होकर इधर-उधर बिखर गए :** हादसा सुबह करीब आठ बजे हुई। छिबरामऊ की तरफ जा रहा कंटेनर सड़क के किनारे रखे खोखो को टक्कर मारते हुए पलट गया। पास से गुजर रहे लोग उसके नीचे दब गए। नीचे दबे लोगों के अंग-भंग होकर इधर-उधर बिखर गए, जिससे घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी :** अब तक दो शवों को निकालकर सौ शैय्या अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सुरेश मालिक, छिबरामऊ कोतवाल कपिल दुबे समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई है। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य तेजी से जारी है।

### प्रणिता ने तोड़ी चुप्पी, पूर्व पति मेजर गौरव के आरोपों को बताया झूठा



**मेरठ, एजेंसी।** तलाक के बाद ढोल-नगाड़ों के साथ घर वापसी कर चर्चा में आईं प्रणिता वशिष्ठ और उनके पिता रिटायर्ड जिला जज डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर अपना पक्ष रखा। प्रणिता ने पूर्व पति मेजर गौरव अग्निहोत्री द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार और अपमानजनक करार दिया।

रिटायर्ड जज डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि बेटी का गाजे-बाजे के साथ स्वागत केवल उसे मानसिक अवसाद (ट्रॉमा) से बाहर निकालने के लिए था। उन्होंने कहा कि हमने दूसरे पक्ष के बारे में कुछ भी नकारात्मक नहीं कहा लेकिन गौरव अग्निहोत्री ने इस खुशी से व्यथित होकर सोशल मीडिया पर प्रणिता के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग किया जो महिला गरिमा पर हमला है।

प्रणिता के परिवार ने साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए करोड़ों के लेन-देन के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। कहा कि न्यायालय के दस्तावेजों के अनुसार गौरव ने खुद शादी में सिर्फ 5 लाख खर्च होना स्वीकार किया था। प्रणिता ने समझौते के तहत कोई गुजारा भत्ता (एलमनी) नहीं लिया है। जिस जमीन का जिक्र है वह शाहजहांपुर के डूब क्षेत्र में है और उसकी कीमत मात्र 75 हजार रुपये है। प्रणिता ने आरोप लगाया कि ससुराल में उन्हें बंधक बनाकर मारपीट की गई जिसकी प्राथमिकी दर्ज है।

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव 19 अप्रैल को धूमधाम से मनाया जाएगा, 26 अप्रैल को होगा सामूहिक आयोजन

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की कार्यकारिणी की बैठक राजनगर सेक्टर-9 स्थित मकान संख्या 38 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. जयनन्द शर्मा ने की। बैठक में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव को हर्षोल्लास एवं श्रद्धाभाव के साथ मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. जे. के. गौड ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि 19 अप्रैल को सभी क्षेत्रीय इकाइयां अपने-अपने क्षेत्रों में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इस अवसर पर शाम के समय घरों में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन किया जाएगा तथा घरों को दीपावली की भांति दीपों से सजाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि संजय नगर स्थित परशुराम शिव मंदिर में प्रातः 7:30 बजे हवन का आयोजन होगा, जिसके पश्चात 10 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी और 12 बजे से प्रसाद वितरण किया जाएगा। खोड़ा क्षेत्र में पांच मंदिरों में प्रातः 8 बजे हवन होगा तथा 11 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी। डूंडाहेड़ा में प्रातः 7 बजे हवन एवं 10 बजे से लाल मंदिर में प्रसाद वितरण होगा। राजेंद्र नगर में प्रातः 8 बजे हवन किया जाएगा, जबकि वसुंधरा के परशुराम चौक पर प्रातः 11 बजे प्रसाद वितरण किया जाएगा।



इसी क्रम में इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंदिरापुरम स्कूल में सांय 4 बजे परशुराम जयंती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रसाद वितरण भी होगा। शास्त्री नगर में सांय 5 बजे हवन का कार्यक्रम रखा गया है।

पं. जे. के. गौड ने आगे बताया कि 26 अप्रैल को सामूहिक रूप से भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन प्रातः 10 बजे जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल, नंदग्राम में किया जाएगा, जिसमें 12 बजे रेणुका माता की रसोई के प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो इकाइयां 19 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाएंगी, वे 17 मई तक किसी भी रविवार को अपनी सुविधा अनुसार आयोजन कर संबंधित पदाधिकारियों को सूचित करेंगी।

बैठक में विशेष सचिव आशुतोष शर्मा सहित सुभाष शर्मा, विजय गौड़, सतीश कुमार शर्मा, संजीव शर्मा, राजू पंडित, भवन शर्मा, संदीप शर्मा, रविंद्र नाथ पांडेय, हरीश शर्मा, आर. के. शर्मा, शशिकांत भारद्वाज, अमित भारद्वाज, गौरव शर्मा, नितिन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, आदेश शर्मा, डी. पी. कौशिक, कमल किशोर गौड़ सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

### तापमान में उतार-चढ़ाव से बढ़े वायरल के मरीज

**गोरखपुर , एजेंसी।** चार दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम हल्की ठंड और दिन में गर्मी के कारण लोगों की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है। इसका असर सीधे तौर पर स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके चलते वायरल संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। बच्चों में बुखार, खांसी और गले में संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं।

शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में कुल 1671 मरीज पहुंचे। जनरल ओपीडी में 396 मरीज देखे गए। वहीं, चेस्ट में 90, आंख में 146 और चर्म रोग विभाग में 189 मरीजों का उपचार किया गया। सबसे कम आयुष की ओपीडी में 11 मरीज पहुंचे।

शहर के महादेव झारखंडी के रहने वाले किशोर ने बताया कि पिछले तीन दिनों से बुखार, खांसी और शरीर में दर्द की शिकायत है, जो मौसम बदलने के बाद शुरू हुई। वहीं, बिछिया की रहने वाली सुनीता ने बताया कि मौसम में बदलाव के कारण कमजोरी और सांस लेने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. बीके सुमन ने बताया कि बदलते मौसम में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। जरा सी लापरवाही भी वायरल संक्रमण को बढ़ा सकती है, इसलिए समय पर इलाज और बचाव जरूरी होता है।पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ में पुलिस को पता चला कि शैली देवी ने एम्स थाना क्षेत्र के सोनबरसा में किराए के मकान में रहने वाली एक युवती को फर्जी शादी के लिए तैयार किया था। इस गिरोह में शामिल लुटेरी दुल्हन अपने एक अन्य परिचित युवती को भी साथ मिलाया था।

## पार्ट टाइम पीएचडी के नियमों में बड़ा बदलाव, बिना नौकरी करे भी बन सकेंगे शोधार्थी




**आगरा, एजेंसी।** पीएचडी के लिए अभ्यर्थी 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि 25 अप्रैल तक आवेदन की हार्ड कॉपी विवि में जमा करनी होगी। विश्वविद्यालय की ओर से छात्रों की अधिक संख्या और कई के आवेदन से वंचित रह जाने के कारण तिथि बढ़ाने का फैसला लिया गया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने शोधार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत अब ऐसे छात्र भी पार्ट टाइम पीएचडी कर सकेंगे जो किसी नौकरी में नहीं हैं। पहले यह सुविधा केवल नौकरीपेशा अभ्यर्थियों तक सीमित थी।

विश्वविद्यालय की रिसर्च एडवाइजरी कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। डीन रिसर्च प्रो. बीपी सिंह ने बताया कि नए नियम के तहत अब छात्र निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर पार्ट टाइम पीएचडी में प्रवेश ले सकेंगे। जो भी छात्र प्रवेश परीक्षा पास करता है वो इसका फायदा उठा सकता है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय बड़ी संख्या में उन छात्रों के लिए फायदेमंद होगा जो नियमित पीएचडी नहीं कर पा रहे थे।

इस बीच विश्वविद्यालय ने पीएचडी 2026 के आवेदन की अंतिम तिथि भी बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 20 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे, जबकि 25 अप्रैल तक आवेदन की हार्ड कॉपी विवि में जमा करनी होगी। प्रो. सिंह ने बताया कि छात्रों की अधिक संख्या और कई के आवेदन से वंचित रह जाने के कारण तिथि बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

अब तक करीब 3900 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और संख्या बढ़ने की उम्मीद है। रिसर्च व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सुपरवाइजर्स (रिसर्च गाइड) की संख्या भी बढाई गई है।

### हाईटेंशन लाइन से किसानों की 32 बीघा गेंहू की फसल जली, बिजलीघर पर धरना

**मेरठ, एजेंसी।** मवाना सड़क के बहचौला गांव में एक बड़ी घटना सामने आई है। हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में करीब बत्तीस बीघा फसल का नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग की लापरवाही से नाराज किसानों ने अम्हैड़ा बिजलीघर पर धरना दिया। धरना देने वालों में दिनेश चौहान, विक्की शर्मा, सुभाष चंद, सोनू चौहान, चिंता देवी और शोभाराम आदि मौजूद रहे।यह घटना बहचौला गांव के जंगल में शनिवार दोपहर खेत के ऊपर से जा रही हाईटेंशन लाइन के तार हवा से टकराकर टूट गए। तारों के टूटने से निकली चिंगारी ने खेतों में आग लगा दी। आग तेजी से फैली और किसानों की खड़ी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी गई। गांव के लोगों ने किसी तरह आग बुझाई, परंतु तब तक फसल जल चुकी थी। आग से शोभा शर्मा, सुभाष शर्मा, महा सिंह और चिंता देवी चार किसानों को भारी नुकसान हुआ। उनकी करीब 32 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जल गई। विद्युत विभाग की इस लापरवाही से किसान बेहद आक्रोशित थे।विद्युत विभाग की लापरवाही से किसान नाराज हो गए। नुकसान से गुस्साए किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अम्हैड़ा बिजलीघर पहुंच गए। उन्होंने वहां पहुंचकर विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी अजीत सिंह के नेतृत्व में क किसानों ने बिजलीघर पर धरना शुरू कर दिया। उनकी मुख्य मांग जर्जर विद्युत लाइन को तुरंत बदलने की थी। इसके साथ ही, किसानों ने आग से हुए नुकसान के लिए उचित मुआवजे की भी मांग की। किसानों के धरने की सूचना मिलते ही गंगानगर उपखंड अधिकारी अरविंद कुमार कुशवाहा मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से बात की और उन्हें समझाने का प्रयास किया।

# औद्योगिक सौहार्द की दिशा में बड़ा कदम: गौतम बुद्ध नगर में उच्च स्तरीय समिति सक्रिय

**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** जनपद गौतम बुद्ध नगर में उत्पन्न औद्योगिक असामंजस्य की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शासन स्तर पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। इस पहल का उद्देश्य औद्योगिक क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखना, श्रमिकों और प्रबंधन के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना तथा औद्योगिक वातावरण को संतुलित और स्थिर बनाना है।

समिति की अध्यक्षता औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा की जा रही है। उनके नेतृत्व में ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सभागार में श्रमिक प्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन, श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश, मंडलायुक्त मेरठ, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सहित प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान विभिन्न कंपनियों में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं को विस्तार से सुना गया। श्रमिकों ने वेतन वृद्धि, साप्ताहिक अवकाश, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, श्रमिक हितों की सुरक्षा तथा सम्मानजनक कार्य वातावरण जैसी प्रमुख मांगें समिति के समक्ष रखीं। समिति ने आश्वासन दिया कि श्रमिकों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और सभी औद्योगिक इकाइयों में श्रम कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि सभी पक्षों के बीच समन्वय स्थापित कर समस्याओं का चरणबद्ध समाधान किया जाएगा।



समिति ने श्रमिकों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपने कार्यस्थलों पर लौटें और किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें। केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास बनाए रखें, जिससे औद्योगिक क्षेत्रों में सौहार्द, विश्वास और स्थिरता बनी रहे।

## अध्यात्म से ही मिलता है मोक्ष का मार्ग : पंडित कौशल कृष्ण शास्त्री



**दादरी (शिखर समाचार)।** तुलसी विहार कॉलोनी में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा में पंडित कौशल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि मानव जीवन में अध्यात्म का विशेष महत्व है और यही मोक्ष प्राप्ति का सच्चा मार्ग है।

उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कथा का श्रवण और उसका अनुसरण व्यक्ति को भवसागर से पार लगाने का कार्य करता है। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद मनुष्य जन्म मिलता है, जिसे अध्यात्म और भक्ति के माध्यम से सार्थक बनाया जा सकता है।

पंडित शास्त्री ने कहा कि सत्संग, भजन और भगवान शिव की उपासना ही जीवन को सफल बनाती है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में आध्यात्मिकता को अपनाना चाहिए।

इस अवसर पर सुंदर भाटी, आनंद सिंह, सोनिया देवी, संजू देवी, देवीराम प्रधान, मिथिलेश सिसोदिया, रेखा शर्मा, रजनी शर्मा, राजबाला और शोभा रानी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## चौधरी चरण सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी का सपना हो रहा है साकार : जयंत चौधरी

**मुजफ्फरनगर(शिखर समाचार)।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश का नौजवान विकास को पंख लगने के साथ नए सपने देख रहा है और उन्हें साकार करने के लिए राज्य व केंद्र सरकार निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंत्रियों, सांसदों और सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से प्रदेश आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने मुजफ्फरनगर की धरती को चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजीत सिंह की कर्मभूमि बताते हुए कहा कि यहां जो विकास कार्य हो रहे हैं, वह उनके सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने उपस्थित युवाओं, छात्रों और मातृशक्ति को नमन करते हुए कहा कि आज गांव और गरीब परिवारों के नौजवानों को भी आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं।

जयंत चौधरी ने कहा कि पहले बड़े व्यवसायिक घरानों में अवसर सीमित रहते थे, लेकिन अब सरकार की नीतियों के चलते उन अवसरों की चाबी आम युवाओं के हाथ में आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी चीज को छोटा या कमजोर समझा जाएगा तो आगे चलकर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, इसलिए सभी को समान अवसर और सम्मान मिलना आवश्यक है।



उन्होंने कहा कि सरकार ह्लसबका सम्मान, संवैधानिक मूल्यों की रक्षाह्व के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य को लेकर जो लक्ष्य रखा गया था, उससे आगे बढ़ते हुए किसानों के हित में काम किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नेतृत्व में ऐसे व्यक्ति हैं जो किसानों की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए गंभीर हैं।

उन्होंने मोरना, बागपत सहित अन्य क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने, चीनी मिलों के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सामाजिक न्याय को मजबूत करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बीआर अंबेडकर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को शिक्षा के माध्यम से आगे बढ़ने का संदेश दिया था, जिसे आज की सरकार आगे बढ़ा रही है।

## बिजनौर: बंद मकानों को निशाना बनाने वाले मेरठ के अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार





**बिजनौर (शिखर समाचार)।** थाना शहर कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के एक पॉश इलाके में हुई बड़ी चोरी का खुलासा किया है। पुलिस ने मेरठ निवासी शातिर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपये की नगदी और चांदी बरामद की है। यह गिरोह वारदात के दौरान मोबाइल फोन बंद कर देता था, ताकि पुलिस उनकी लोकेशन ट्रेस न कर सके।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) कृष्ण गोपाल सिंह ने बताया कि 13 मार्च 2026 को नीलकमल टॉकीज के पास स्थित यशोदा कुंज निवासी व्यापारी अमित अग्रवाल के बंद मकान को निशाना बनाते हुए चोरों ने करीब पांच लाख रुपये की नगदी तथा सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्वाट और एसओजी टीमों को जांच में लगाया गया।

जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने गिरोह की पहचान की। रविवार देर शाम घेराबंदी कर वसीम अकरम उर्फ चपटा, विनय उर्फ रिंकू और अरुण वर्मा (निवासी मेरठ) को उस समय गिरफ्तार कर लिया गया, जब वे एक अन्य बंद मकान में चोरी की योजना बना रहे थे। गिरोह के दो अन्य सदस्य अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे वारदात से पहले अपने मोबाइल फोन बंद कर देते थे और चोरी के बाद मेरठ पहुंचकर ही उन्हें चालू करते थे। गिरोह मुख्य रूप से ऐसे बंद मकानों को निशाना बनाता था, जहां आसपास कोई मौजूद न हो। पकड़े गए आरोपियों में वसीम और विनय शातिर अपराधी हैं, जिन पर विभिन्न थानों में 21 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## स्टार शूटिंग एकेडमी के शूटर हिमांशु चौधरी ने जीता कांस्य पदक

**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** क्षेत्र के गांव बिटावदा स्थित स्टार शूटिंग एकेडमी के शूटर हिमांशु चौधरी ने शामली में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



एकेडमी के कोच विनीत मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि शामली जनपद में 9 अप्रैल से 12 अप्रैल तक आठवीं रजत निर्वाल मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था, जिसमें विभिन्न जनपदों के प्रतिभाशाली शूटरों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के चैंपियन ऑफ चैंपियन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हिमांशु चौधरी ने कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही उन्हें 2100 रुपये का नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। पदक जीतकर शूटिंग रेंज पहुंचने पर हिमांशु चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। एकेडमी में उन्हें मेडल पहनाकर और फूलमाला से सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी शूटरों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया और हिमांशु की सफलता पर गर्व व्यक्त किया।

## साप्ताहिक बंदी को लेकर व्यापारी एकजुट, भूड़ क्षेत्र में बाजार बंद



**खतौली/मुजफ्फरनगर (शिखर समाचार)।** भूड़ क्षेत्र में सोमवार को साप्ताहिक बंदी के आह्वान पर व्यापारियों ने एकजुटता का परिचय देते हुए अधिकांश दुकानें बंद रखीं। सुबह से ही व्यापार संगठन के आह्वान पर व्यापारी अपनी अपनी दुकानें बंद कर निर्धारित स्थलों पर एकत्र हुए और बंदी को सफल बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई।

व्यापार संगठन के पदाधिकारियों हंस कुमार जैन, महामंत्री अरविन्द जैन और अरुण जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में प्रत्येक सोमवार को साप्ताहिक बंदी निर्धारित है। इस दिन व्यापारी अपने व्यक्तिगत एवं अन्य आवश्यक कार्यों का निस्तारण करते हैं, जिसके चलते पूर्व में ही बंदी का आह्वान किया गया था।

व्यापारियों की एकजुटता के चलते साप्ताहिक बंदी पूरी तरह सफल रही। इस दौरान व्यापारियों ने बाजार में भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा भी लिया। वहीं, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और बाजार क्षेत्र में लगातार गश्त करता दिखाई दिया।

## डाढ़ा गांव के 17 किसानों को मिला आबादी भूखंड, वर्षों का इंतजार खत्म



**ग्रेटर नोएडा (शिखर समाचार)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा डाढ़ा गांव के 17 किसानों को छह प्रतिशत आबादी के भूखंड आवंटित कर दिए गए हैं। सोमवार को प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित प्रक्रिया के तहत समान आकार वाले 11 भूखंडों का ड्रा कराया गया, जबकि 6 भूखंडों का आकार अलग-अलग होने के कारण उनका सीधा आवंटन कर दिया गया।


इस दौरान जेवर विधायक प्रतिनिधि सुरेश शर्मा, ओएसडी रामनयन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन सुधीर कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार और संदीप रावल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दरअसल, डाढ़ा गांव के किसानों की जमीन अधिग्रहित होने के बाद से लंबे समय से छह प्रतिशत आबादी भूखंड का मामला लंबित चल रहा था। भूखंड प्राप्त करने के लिए किसानों ने प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से भी कई बार गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवंटन के निर्देश दिए।

नियोजन विभाग और छह प्रतिशत आबादी भूखंड विभाग की संयुक्त पहल से यह प्रक्रिया पूरी की गई। प्राधिकरण के ओएसडी रामनयन सिंह ने बताया कि किसानों को आबादी भूखंड देना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि डाढ़ा गांव की तरह ही अन्य गांवों के पात्र किसानों को भी जल्द भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

## भीषण सड़क हादसा: बारात की बस और कैंटर की टक्कर में 6 की मौत, 7 घायल, मची अफरा तफरी







**हापुड़ (शिखर समाचार)।** थाना धौलाना क्षेत्र में देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया। बारात से लौट रही बस और सामने से आ रहे कैंटर की भीषण भिड़ंत में 6 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, गाजियाबाद के थाना वेब सिटी क्षेत्र स्थित डासना वार्ड नंबर-3 निवासी यूनुस के पुत्र जाहिद का निकाह बुलंदशहर के गुलावठी क्षेत्र के पीरखां मोहल्ले में शेर मोहम्मद की पुत्री चाइना के साथ संपन्न हुआ था। निकाह के बाद देर रात करीब एक बजे बस चालक अशोक गिरी करीब 20 बारातियों को लेकर वापस लौट रहा था। करीब दो बजे धौलाना-मसूरी मार्ग पर अरविंद डेयरी के पास सामने से आ रहे परचून के सामान से भरे कैंटर से बस की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई और कैंटर बस के ऊपर जा गिरा। बस के परखच्चे उड़ गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई।

रात का समय और अंधेरा होने के कारण राहत कार्य में शुरूआती दिक्कतें आईं, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत और हाईड्रा मशीन की मदद से बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

घायलों को तत्काल हापुड़ के मेडिकल कॉलेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर हायर सेंटर रेफर किया जा सकता है।

इस हादसे में डासना निवासी यूनुस (50), युसूफ (55), अख्तर (40), सोनू (25), मुन्ना (60) और बस चालक अशोक गिरी (48) की मौत हो गई। वहीं नदीम, नईम, जुनेद, अय्यूब, सिराजुद्दीन, हसरत और हबीब समेत 7 लोग घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया और उनके इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विकास भवन में हुई यूपी विधान परिषद की आश्वासन समिति की समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद (शिखर समाचार)।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में सभापति मो. जासमीर अंसारी के सभापतित्व व सदस्य मुकुल यादव की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की आश्वासन समिति द्वारा निर्धारित बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक प्रारम्भ होने से पूर्व जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों ने सभापति एवं समिति के सदस्यों का पुष्पगुच्छ, पटका एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया। बैठक में समिति की ओर से मुनेश कुमार (संयुक्त सचिव), विनय कुमार पांडेय (व्यक्तिगत सचिव), शिवम श्रीवास्तव (समीक्षा अधिकारी) एवं अजय प्रजापति (संवाददाता) उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारियों में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़, एड.सीपी केशव कुमार चौधरी, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी/प्रतिनिधि मौजूद रहे।



बैठक के दौरान परिवहन, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, औद्योगिक विकास, श्रम विभाग, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, एचआर ग्रुप, अल्पसंख्यक, तकनीकी शिक्षा एवं नगर विकास विभाग से संबंधित 21 बिंदुओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। सभापति महोदय परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया कि वाहन चालकों से केवल नियमानुसार कार्य लिया जाए तथा किसी भी स्थिति में नियमों के विरुद्ध वाहन संचालन नही कराया जाए, जिससे यात्रियों एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। श्रम विभाग को निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र श्रमिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसी भी विद्यालय के ऊपर से उच्च वोल्टेज विद्युत लाइन न गुजर रही हो। संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिन विद्यालयों के ऊपर से विद्युत लाइन गुजर रही थी, उन्हें योजना के अंतर्गत हटाया जा चुका है। सभापति ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को आरटीई के अंतर्गत शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सीबीएसई बोर्ड में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। विद्यालयों में संचालित निजी वाहनों की जांच, पंजीकरण तथा अवैध (डग्गामार) वाहनों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। नगर विकास विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी नालों को ढकने की कार्यवाही शत-प्रतिशत पूर्ण की जाए, जिससे दुर्घटनाओं की रोकथाम हो तथा गंदगी एवं मच्छरों से होने वाली बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सके।

बैठक के अंत में सभापति ने कहा कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाते हुए सुरक्षित, स्वच्छ, शिक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है।अंत में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने सभापति, सदस्य एवं उपस्थित सभी गणमान्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मिशन शक्ति अभियान 2026: समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित






**नोएडा (शिखर समाचार)।** मिशन शक्ति अभियान 2026 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करके जहां पुलिस महिलाओं व छात्राओं को जागरुक कर रही है तो वहीं दूसरी तरफ समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी चौहान के आदेश पर पुलिस आयुक्त कार्यालय पर मिशन शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 38 महिला पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। खास बात यह है कि गुरुकुल फाउंडेशन एनजीओ की तरफ से कार्य करने वाली डॉक्टर रिचा कंचन को भी सम्मानित किया गया। वही कार्यक्रम के दौरान सही जवाब देने पर आशीष शर्मा को भी सम्मानित किया गया। एडिशनल सीपी डॉ. राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और छात्राओं को लगातार जागरूक किया जा रहा है, जिससे उन्हें उनके मौलिक अधिकारों की पूर्ण जानकारी मिल सके। इस अभियान के तहत उन्हें अपराधों का शिकार होने से भी बचाया जा रहा है। उनसे लगातार अपील की जा रही है कि अगर उनके साथ किसी भी तरह का कोई अपराध होता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे, जिससे अपराधी पर सख्त कार्यवाही करते हुए उसे सख्त सजा दिलाई जा सके। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के हित में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा पुलिस विभाग से जुड़ी 34 महिला पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया गया है, जिससे उनका उत्साह वर्धन किया जा सके।

